ओशो इंटरनेशनल मेडिटेशन में अंतरराष्ट्रीय स्टाररफान खान

हाल ही में बॉलीवुड और हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता इरफान खान ओशो इंटरनैशनल मेडिटेशन रिज़ॉर्ट आए थे। वे ओशो को बहुत गहराई से पढ़ते हैं और उनके विचारों के कायल हैं। यहां की खूबसूरत आबोहवा में कुछ वक्त गुज़ारने के बाद उन्होंने लिखा, "मैं ओशो के ऊर्जा क्षेत्र में पहली बार रहा। यहां रहने का अनुभव कुछ ऐसा था जैसे मैं पहली बार मुंबई आया था और मैंने पहली बार समुद्र देखा। वह अनुभव सम्मोहक था, उसमें एक बुलावा था और थी विराटता। मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसे मेडिटेशन रिज़ार्ट एक ऐसी पाठशाला है जहां इन्सान खुद के बारे में सीख सके। मेरे लिए सबसे बडी शिक्षा है गहरे से गहरे तल पर खुद को जान लेना । उससे एक स्वतंत्रता और अनुशासन मिलता है । यह ओशो का केंद्र एक प्रयोगशाला है जहां आप खुद के साथ, अपने बाहर और भीतर के रूप के साथ प्रयोग कर सकते हैं; मानो हमाम में जाकर कोई अपने पुराने संस्कारों की धूल को धो डाले और साफ सुथरा होकर निकले। यह एक उपजाऊ जमीन है जहां पर आपके अंदर बीज बोया जाता है और आप उसके अंकुरित होने का इंतजार कर सकते हैं। "

अब देखें अपने व्यस्त जीवन से कब और कितना समय निकाल पाते हैं इरफान। जब भी आएं, ध्यान के लिए सभी का स्वागत है।

OSHO

© 2015 OSHO International
Copyright & Trademark Information